# University in News on 17 February 2025

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

### छात्रों को नामचीन कम्पनियों में मिलेगा जॉब आफर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने 2025 बैच के छात्रों के लिए एचसीएल टेक, कोलैबरा और इंडियामार्ट कंपनी में प्लेसमेंट के लिए रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डॉ.हिमांशु पांडेय ने बताया कि एचसीएलटेक में बीसीए, बीबीए, बी.कॉम, बी.कॉम (ऑनर्स), बी.ए और बी.एससी के वे छात्र आवेदन कर सकते हैं, जिनके 10वीं, 12वीं और स्नातक तक न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक हों और कोई बैकलॉग या वर्ष का अंतराल न हो। इस पद के लिए ग्रेजुएट ट्रेनी के प्रोफाइल पर चयनित छात्रों को 2.4 लाख प्रतिवर्ष का वेतन मिलेगा। कोलैबरा कंपनी के लिए स्नातक और परास्नातक के 2025 बैच के छात्र, एसोसिएट टैलेंट स्पेशलिस्ट पद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करा कर सकते है, चयनित छात्रों को 3.6 लाख प्रतिवर्ष का वेतन दिया जाएगा। वहीं, इंडियामार्ट कंपनी में एमबीए 2025 में पास होने वाले छात्र एग्जीक्यूटिव (क्लाइंट सर्विस) और एग्जीक्यूटिव (सेल्स एंड सर्विस) पद पर चार लाख प्रति वर्ष के पैकेज के लिए छात्र ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते है।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### वोकेशनल कोर्स आवंटन के लिए 20 तक भरें गूगल फॉर्म

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को वोकेशनल कोर्स आवंटन के लिए 20 फरवरी तक गूगल फॉर्म भरने के लिए कहा गया है। गूगल फॉर्म के आधार पर ही विद्यार्थियों को वोकेशनल कोर्स आवंटित किए जाने हैं।

लविवि प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक स्तर पर विद्यार्थियों को सामान्य के साथ ही वोकेशलन कोर्स पढ़ने का विकल्प भी मिल रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसकी सूची उपलब्ध करा दी है। विद्यार्थियों को जिस वोकेशनल कोर्स में दाखिला चाहिए, उसका ब्योरा उनको भरकर देना होगा। इसमें तेजी लाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने गूगल फॉर्म जारी किया है।

**लखनऊ विवि ने बीएससी के विद्यार्थियों के लिए जारी किया निर्देश**

### लविवि में होगी राज्य समाज और राष्ट्र पर चर्चा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीतिशास्त्र विभाग की ओर से सात और आठ अप्रैल को राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इसका शीर्षक- राज्य, समाज और राष्ट्र रखा गया है।

विभागाध्यक्ष प्रो. संजय गुप्ता ने बताया कि इस सेमिनार में देश भर के विशेषज्ञ शामिल होंगे। विद्यार्थियों को इससे काफी सीखने को मिलेगा। देश, समाज के लिए काम करने के लिए प्रेरित होंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)